हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश

13 फरवरी, 2024 को विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के माननीय सदस्य डॉ. यतीन्द्र कटारिया की उपस्थिति में हिंदी नोडल अधिकारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री ईश्वर दत्त तिग्गा, अपर महाप्रबंधक (मा. सं.–स्थापना), श्री एस.बी.प्रसाद, उप महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) सहित अनेक वरि. अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ कटारिया के संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में राजभाषा कार्यान्वयन पर चर्चा की।

12 जून, 2024 को नराकास हरिद्वार के तत्वावधान में रेल विकास निगम लिमिटेड के सौजन्य से ऋषिकेश एवं पर्वतीय क्षेत्र में स्थित सदस्य संस्थानों के कर्मचारियों के लिए एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अजीत सिंह यादव, मुख्य महाप्रबंधक(परि.), रेल विकास निगम के संबोधन के साथ हुआ। कार्यशाला में टीएचडीसी इंडिया लि. के श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) एवं श्री संतोष टेलकीकर, सहा.प्रबंधक (राजभाषा) ने व्याख्यान दिया।

टिहरी एवं कोटेश्वर यूनिट

28 फरवरी, 2024 को टिहरी एवं कोटेश्वर यूनिट के अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री डी.पी.पात्रो, संकाय सदस्य, पूर्व वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, श्री डी.एस. रावत एवं हिंदी अनुभाग के अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में श्री रावत एवं श्री इन्द्र राम नेगी, प्रबंधक (राजभाषा) ने व्याख्यान दिया।

06 जून, 2024 को टिहरी एवं कोटेश्वर यूनिट के अधिकारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री डी.पी.पात्रो, संकाय सदस्य, डॉ संजीव नेगी एवं हिंदी अनुभाग के अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में डॉ संजीव नेगी एवं श्री इन्द्र राम नेगी, प्रबंधक (राजभाषा) ने व्याख्यान दिया।

Created by Universal Document Converter

खुर्जा एसटीपीपी

खुर्जा एसटीपीपी में 22 मार्च, 2024 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री अमरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (मा सं. एवं प्रशा.) सहित अनेक वरि. अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय–गाजियाबाद, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक, श्री अजय चौधरी ने व्याख्यान दिया।

खुर्जा एसटीपीपी में 22 जून, 2024 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परि.), श्री अमरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (मा सं. एवं प्रशा.) सहित अनेक वरि.अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय–गाजियाबाद, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक, श्री अजय चौधरी ने व्याख्यान दिया।

वीपीएचईपी, पीपलकोटी

वीपीएचईपी पीपलकोटी में 17 जनवरी, 2024 एवं 18 जनवरी, 2024 को दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परि.) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में संकाय सदस्य श्री डी.एस.रावत, पूर्व वरि.हिंदी अधिकारी ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर परियोजना के अनेक वरि.अधिकारी उपस्थित रहे।

वीपीएचईपी पीपलकोटी में 29 जून, 2024 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परि.) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में संकाय सदस्य श्री संतोष टेलकीकर, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर परियोजना के अनेक वरि.अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को टिप्पणी लेखन एवं आलेखन का अभ्यास भी कराया गया ।

Created by Universal Document Converter

एनसीआर कार्यालय

13 मार्च, 2024 को एनसीआर कार्यालय, कौशांबी में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री आर.एस.तोमर के साथ अनेक वरि.अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में व्याख्यान देने हेतु नराकास, गाजियाबाद के सचिव, श्री ललित भूषण, राजभाषा अधिकारी, बीएसएनएल को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । कार्यशाला में श्री ललित भूषण ने अधिकारियों व कर्मचारियों को हिंदी में किए जाने वाले काम–काज को सुगम बनाने के लिए नए प्रौद्योगिकी टूल्स के प्रयोग के बारे में बताया और हिंदी में बोलकर टाइप करने की युक्ति से भी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया।

****

Created by Universal Document Converter